जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय' स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 अंक-26 जयपुर, सोमवार, 14 जुलाई, 2025 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

# एसएसआर ग्रुप के सावन की मस्ती कार्यक्रम में झूमे श्रोता

## ➡ गानों के साथ हाउजी गेम्स और चूरमा दाल बाटी का लिया आनंद





**जयपुर (हमारा वतन)।** एसएसआर (सुकून सुर रागिनी) ग्रुप लगातार एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की सौगात म्यूजिक लवर के लिए लेकर आता है। ग्रुप डायरेक्टर नीरा राजवंशी हमेशा नवाचार करती रहती हैं। ग्रुप डायरेक्टर नीरा राजवंशी के सानिध्य में जयपुर के जेएलएन मार्ग स्थित कलानेरी आर्ट गैलरी में सावन की मस्ती कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपस्थित सभी श्रोता झूमकर-नाचने लगे।

**कलानेरी आर्ट गैलरी में हुआ सावन की मस्ती कार्यक्रम का आयोजन**

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश पूजा से हुई। इसके बाद सावन की मस्ती के तराने विभिन्न सिंगर्स द्वारा पेश किए गए। इसके पश्चात सभी ने चूरमा दाल बाटी का आनंद लिया। पहली बार हाउजी गेम्स का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रुप से जुड़े सभी मेंबर्स ने बड़ी गर्मजोशी से भाग लिया। वहीं अरुण गोयल ने सम्पूर्ण कार्यक्रम को कॉर्डिनेट किया। कार्यक्रम का मंच सञ्चालन जितेंद्र नाग ने किया।

कार्यक्रम के दौरान संध्या टंडन ने जन्म जन्म का साथ है, हेमलता शर्मा ने रिमझिम गिरे सावन, जितेंद्र नाग ने जिक्र होता है जब, रीता शर्मा ने यह दिल और, राहुल दीक्षित ने अरे दीवानो मुझे पहचानो, मंजू गोयनका ने मैं वही दर्पण, राकेश श्रीवास्तव ने हवा हवा, आयुषी कुलश्रेष्ठ ने ये समां, सरला पुरोहित ने तुझे क्या सुनाऊं, निहारिका परिहार ने दिल नादान, मुकुल कुलश्रेष्ठ ने प्यार मांगा है तुम्ही से, रजनी श्रीवास्तव ने तुम ही मेरे मंदिर, प्रमोद जैन ने कितने भी तू करले सितम, प्रमोद जैन-बबिता जैन ने प्यार का दर्द है मीठा-मीठा, कीर्ति माथुर ने आ लौट के आजा मेरे मीत, रितु कासलीवाल ने अब के बरस भेज भैया को, नवल सैनी ने बदन पर सितारे लपेटे हुए, सुरभि ने होठों को छू लो तुम, नमिता घोषाल ने वक्त ने किया, माया त्यागी ने सायोनारा सायोनारा, प्रकाश जैन ने जिंदगी का सफर है, अनूप पारीक ने लाखों हैं निगाहों में, भावेश कुमावत ने मेरे सपनों की रानी, विजय दत्त शर्मा ने ओ हंसिनी, लेकर हम दीवाना दिल, अरुण गोयल ने आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे, अजय सक्सेना ने शायर नहीं, विजय शर्मा ने पल पल दिल के पास, थोड़ा रुक जाएगी, रतन मियां बजाज-संतोष मियां बजाज ने दम भर जो, कुमुद निगम ने बेकरार करके यूं ना, नीरा राजबंशी ने आएगा आने वाला गाने प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।



# कमिश्नर मनीषा अरोड़ा ने किया निः शुल्क योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** आरएन नोवाल फाउंडेशन द्वारा आयोजित आपका स्वास्थ्य आपके हाथ कार्यक्रम के तहत सात दिवसीय निःशुल्क योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर 13 जुलाई से 19 जुलाई 2025 तक खेड़ापति बालाजी आश्रम धाम सामोद में लगाया जा रहा है । इस शिविर के पोस्टर का विमोचन राजस्थान फाउंडेशन की कमिश्नर मनीषा अरोड़ा (आईएएस) ने किया । इस अवसर पर आरएन नोवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष रामनिवास नोवाल ने बताया कि यह शिविर डॉक्टर राकेश शर्मा व उनकी 25 सदस्यों की चिकित्सा टीम के द्वारा लगाया जाएगा। इसका समय प्रातः 6 बजे से दोपहर 12 बजे और शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा ।

चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राकेश शर्मा ने बताया कि शिविर में दमा, गठिया, घुटनों का दर्द, कमर दर्द ,कंधों का दर्द, गैस, कब्ज, अपच, नजला, मधुमेह, उच्च व निम्न रक्तचाप , रिंगनबाय, एलर्जी सहित शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का उपचार योग, प्राणायाम, हार्टफुलनेस, ध्यान, कट्टी स्नान, मिट्टी चिकित्सा, भाप स्नान ,वैज्ञानिक मालिश, चादर लपेट ,सेराजेम थेरेपी ,शिरोधारा, एक्यूप्रेशर ,मैग्नेट थेरेपी द्वारा किया जाएगा। यह शिविर खेड़ापति बालाजी आश्रम सामोद के संत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर प्रेम दास महाराज के सानिध्य में लगाया जा रहा है।

# श्री जीण कल्याण फाउंडेशन ने किया प्रतिभाओं का सम्मान



**जयपुर (हमारा वतन)।** समाज सेवा के कार्य में अग्रणी श्री जीण कल्याण फाउंडेशन द्वारा आज ग्राम जैतपुरा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जैतपुरा पंचायत प्रशासक डॉक्टर सुरेश गुलिया ने कहा कि सम्मान करने से प्रतिभाओं का हौसला बढ़ता है। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सूरज कुमावत, सचिव द्वारका प्रसाद शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष दीपक जांगिड़, महामंत्री विकास शर्मा ,प्रबंधक धनराज सहित कई ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

# विधायक यादव ने कृषि मंत्री को पत्र लिखकर उठाई यूरिया आपूर्ति की मांग



**शाहपुरा (हमारा वतन)।** प्रदेश सहित शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों यूरिया खाद की भीषण किल्लत के चलते किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खरीफ फसल की बुवाई का समय चल रहा है और इस समय बाजरा सहित अन्य फसलों की वृद्धि के लिए यूरिया की अत्यधिक आवश्यकता होती है, परंतु समय पर खाद नहीं मिलने से फसलों के नष्ट होने का खतरा मंडरा रहा है।

विधायक यादव ने इस मुद्दे को गंभीर किसान संकट बताते हुए राज्य सरकार और संबंधित विभागों से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पहले से ही डीएपी खाद की कमी से खरीफ बुवाई प्रभावित रही और अब जब फसलें खड़ी हैं, तो यूरिया का अभाव किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहा है।

विधायक ने कहा कि किसानों के पास गोबर व पारंपरिक खाद सीमित मात्रा में होती है, जिससे वे यूरिया पर पूर्णतः निर्भर रहते हैं। यूरिया खाद न केवल बीज अंकुरण में सहायक होती है, बल्कि पौधों की प्रारंभिक वृद्धि के लिए भी आवश्यक है। शाहपुरा क्षेत्र की सहकारी समितियों में किसान सुबह से शाम तक लाइन में खड़े रहते हैं, फिर भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही। दूसरी ओर, बाजार में खाद ऊँचे दामों पर खुलेआम बेची जा रही है, जिससे अन्नदाता को शोषण का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक यादव ने कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीना से आग्रह किया कि जयपुर जिले के लिए खाद की रैक आवंटित कर शाहपुरा की समस्त सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। यदि खाद की आपूर्ति नहीं हुई तो फसलों को भारी नुकसान होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ेगा।

# गौरक्षक शेरसिंह कुमावत की पहल नर गौवंश की जन्मदर पर लगेगी लगाम

## मंत्री जोराराम कुमावत ने सब्सिडी पर फीमेल सीमन उपलब्ध कराने की करी घोषणा





**चौमूं (हमारा वतन)।** गौरक्षक दल अध्यक्ष व पशुक्रूरता निवारण समिति के सदस्य शेरसिंह कुमावत ने गौवंश के कृत्रिम गर्भाधान में रियायती दरों पर फीमेल सीमन उपलब्ध कराने की घोषणा पर राजस्थान सरकार के पशुपालन व गौपालन मंत्री जोराराम कुमावत व केन्द्र सरकार का आभार जताया है।

**गौरक्षक शेरसिंह कुमावत ने जताया पशुपालन व गौपालन मंत्री का आभार**

शेरसिंह कुमावत ने बताया कि पूर्व में पशुपालन विभाग की बैठकों व ज्ञापन के माध्यम से मंत्री महोदय को अवगत करवाया गया था कि आज के आधुनिक समय में नर गौवंश की उपयोगिता नगण्य हो चुकी है, जिससे पशुपालक नर गौवंश को पालने में असमर्थता के चलते इन्हें छोड़ देते हैं, जो कि फसलों की बर्बादी के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओ का मुख्य कारण बने हुए है। इसलिए नर गौवंश जन्मदर को नियंत्रित करना अति आवश्यक है। इन मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कृत्रिम गर्भाधान में गौवंश हेतु पशुपालकों के लिए सरकार द्वारा 10 लाख फीमेल सीमन उपलब्ध कराने की घोषणा की है। पशुपालन व गौपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने घोषणा करते हुए बताया कि बाजार में गौवंश के लिए फीमेल सीमन प्रति डोज 1000-1200 रुपए तक है, जिसको केन्द्र सरकार राज्य सरकार को 265 रुपये में दे रही है। इस पर 75 प्रतिशत सब्सिडी देते हुए राज्य सरकार ने इसकी दर 70 रुपए प्रति डोज रखी गई है । राजस्थान सरकार गौवंश के लिए संवेदनशील है। गाय हमारी धार्मिक, सांस्कृतिक धरोहर के साथ-साथ औषधीय कारक भी है। मानवीय आवश्यकता के अनुसार पशुपालको को भी इनकी उपयोगिता समझते हुए इनका पालन पोषण करना चाहिए। जानकारी के लिए आपको बता दें कि पिछले 14 सालों से शेरसिंह कुमावत गौमाता की सेवा और रक्षा में दिन-रात लगे रहते हैं।



# स्वीट वोईस मूक-बधिर स्कूल के बच्चों को मिली सौगात

**जयपुर (हमारा वतन)।** ग्राम चारणवास स्थित स्वीट वोईस मूक-बधिर एवं बौद्धिक दिव्यांग विशेष विद्यालय के बच्चों को चौमूं निवासी भामाशाह घीसालाल कुमावत व उनकी धर्मपत्नी विमला देवी ने अपने विवाह की 63वीं वर्षगांठ के अवसर पर विद्यालय में आकर बच्चों के साथ शादी की सालगिरह मनाई और बच्चों को उपहार स्वरूप विद्यालय में दिव्यांग बच्चों हेतु बनाए जा रहे, फिजियोथैरेपी रूम तथा सेंसरी पार्क के लिए संस्था को आर्थिक राशि प्रदान की।

उन्होंने अपनी खुशी को जाहिर करते हुए कहा कि अगर हम सभी मिलकर इन दिव्यांग बच्चों के लिए थोड़ा-थोड़ा प्रयास करें तो इन दिव्यांग बच्चों के लिए सुविधांऐ उपलब्ध करवा सकते हैं, जिससे कि इनका जीवन सुलभ हो जाए।

इस अवसर पर संस्था निदेशक अजीत सिंह पालावत को उन्होंने आर्थिक राशि प्रदान की और भरोसा दिलाया कि निकट भविष्य में भी इन बच्चों के सहयोग हेतु हमेशा तैयार रहूंगा। इस दौरान उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। साथ ही संस्था के अध्यापक गण ने घीसा लाल और उनकी धर्म पत्नी को शुभकामनाएं देते हुए आर्थिक सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



## पंडित रविन्द्राचार्य ने किया रींगस थानाधिकारी सुरेश चौधरी का सम्मान

**रींगस (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने रींगस थानाधिकारी सुरेश चौधरी का सम्मान किया। आचार्य ने बाबा श्याम का दुपट्टा, शाम कलम ,माला पहनाकर सम्मान किया। स्वयं द्वारा रचित पुस्तक रविंद्र हस्तरेखा विज्ञान भी भेंट की। थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने पंडित रविन्द्राचार्य का सम्मान देने के लिए आभार जताया। इस दौरान यज्ञाचार्य पंडित हरिओम महाराज, सुशील अग्रवाल ,महेश चौधरी, नरेश सिंह, नानूराम जांगिड़ ,महेश पालावत, कानाराम चौधरी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मेरी आवाज ही पहचान है सिंगिंग ईवेन्ट का हुआ सुरमयी आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** मेरी आवाज ही पहचान है ग्रुप का फर्स्ट सिंगिंग ईवेन्ट जयपुर स्थित होटल गोल्डन ईगल में आयोजित किया गया। फाउण्डर नितिन शर्मा व को-फाउण्डर धीरज कुमार ने बताया कि कार्यकम की शुरूआत मुख्य अतिथि बसन्तानन्द महाराज के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर गणेश वंदना के साथ हुई।

कार्यक्रम में राजस्थान के अलग-अलग कार्य क्षेत्रों में कार्य कर रहे प्रशासनिक विभाग, चिकित्सा विभाग, व्यवसायी, पुलिस विभाग, नौकरीपेशा विभाग, शिक्षाविदों ने अपनी आवाज को पहचान दी। 35 प्रतिभागियों के द्वारा 50 गानों की एकल व युगल प्रस्तुति दी गई। जूनियर वर्ग से अक्षरा मिश्रा व दृशान मिश्रा ने अपनी आवाज के जादू से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। फाउण्डर नितिन शर्मा ने बताया कि प्रतिमाह इस तरह के संगीत कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिससे संगीत के छुपी डुई प्रतिभाओ को एक मंच मिल सके व अपनी आवाज को संगीत प्रेमी पहचान दे सके। कार्यक्रम में 91.1 एफएम से साउंड इंजीनियर डी.जे शेखर, एंकर रेखा कुमावत व चन्द्रप्रकाश शर्मा, म्युजिक मेंटर्स डॉ. पूजा शर्मा व चन्द्रकान्त गौतम ने कार्यक्रम में शिरकत की। आकाश कुमार के सांउड सिस्टम ने माहौल को संगीतमय बना दिया। युवराज ग्रुप ऑफ होटल के मैनिंजग डायरेक्टर अशोक सिंह द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिये गये।



# पंचम अमरनाथ यात्रा के तहत 45 श्रद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं से गुरुवार को पंचम अमरनाथ यात्रा के तहत 45 श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। यात्रा की शुरुआत चौमूं के ऐतिहासिक गढ़ गणेश मंदिर से धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुई।

ईटावा स्थित साई मंदिर के महंत पृथ्वी सिंह नाथावत और आचार्य पंडित महेश शास्त्री ने प्राचीन गढ़ गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने यात्रियों की बस को रवाना किया और उनकी मंगलकामना की।

यात्रा के संयोजक पिंटू सैनी (मुकेश) ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। यात्रा में 10 दिन के दौरान बाबा बर्फानी की गुफा सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन होंगे।

इस दौरान पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, चौमूं थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा, आरएलपी के प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, चौमूं माली समाज विकास समिति अध्यक्ष हीरालाल सैनी, पूर्व चेयरमैन गोविंद नारायण सैनी, रघुवर दयाल माली, मोरीजा सरपंच मंगलचंद सैनी, सुरेश गोदारा, दिनेश पाच्यां, पूर्व अध्यक्ष घीसालाल तंवर, पूर्व अध्यक्ष प्रह्लाद सहाय अयोध्या, पूर्व सरपंच कैलाश बैनाडिया, पार्षद महेश यादव, पार्षद प्रतिनिधि श्रवण सैनी, संयुक्त मंत्री दीपक तंवर, समाजसेवी जयकिशन फड्या, अटल मेठी, नरेंद्र इंदौरा, सुनील तंवर, विनोद शर्मा, अशोक रोलावण सहित कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।




# (आलेख) शिव सबके-शिव के सब

इस पावन पवित्र सावन माह में परम् कृपालु भगवान शिव परम् धाम से धराधाम पर पधारे सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड ने प्रभु का जलाभिषेक करके स्वागत किया। माँ गौरी की मनोकामना को पूर्ण करने का सटीक समय सावन माह ही रहा।

इसी माह में देवाधिदेव महादेव ने देव, नर, गन्धर्व, किन्नर, भूत, बैताल, पिशाच आदि को बारातीय संरक्षण प्रदान किया और इन सभी को सम्पूर्ण जगत के समक्ष अपना बनाया।

प्रभु ने ब्रह्म लेख को समीक्षित करके, यम से तनातनी करके,भक्त मार्कण्डेय को मृत्यु पाश से मुक्त किया। सावन की महत्ता कल्पना से परे है, इसे आत्मिक शुद्धि का परम् माध्यम माना जाता है। भगवान शिव स्वयं जल हैं, जिस प्रकार जल से जल मिलने पर इतराने लगता है वैसे ही प्रभु भक्ति भाव से चढ़ाए गए जल को पाकर इतराने लगते हैं। भगवान भक्त वत्सल हैं, प्राणी जो कुछ भी मनोभाव से अर्पित कर दे सब स्वीकार कर लेतें हैं। भगवान विष्णु ज़ब शयन अवस्था में चले जाते हैं तो सम्पूर्ण सृष्टि के संचालन का विशेष अधिकार भगवान शिव को ही प्राप्त होता है। भगवान शिव सम्पूर्ण सृष्टि को मनोवांछित फल प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहतें हैं। इस मास में भगवान शिव का रुद्राभिषेक विशेष फलकारक होता है। भक्त जो कुछ भी अर्पित कर दे, सब स्वीकार होता है प्रभु को। यह कहना सर्वथा उचित होगा कि 'शिव सबके.... शिव के सब''।

सावन की अपार महिमा को शब्द में पिरो पाना असम्भव सा है पर भक्तों की परम् श्रद्धा के आगे शिव निःशब्द हो जाते हैं मानो मौन धारण करके केवल वरद हस्त उठाते रहते हैं और भक्तो की मनोकामना पूर्ण करते रहते हैं।



सिद्धार्थ गोरखपुरी

# युद्ध क्यों क्यों क्यों? (कविता)

वैज्ञानिक विकास की बात न पूछो चांद मंगल पर पहुंचा इंसान,
अंतरिक्ष में घर बना कर स्पेस स्टेशन का किया सुंदर निर्माण,
समुद्र जल के नीचे केबल बिछा इंटरनेट में बना निपुण इंसान,
चिकित्सा में निपुण बन किडनी,लिवर,हार्ट,आंखों को किया ट्रांसप्लांट,
जल थल नभ पर विजय प्राप्त कर परमाणु बम का किया निर्माण,
प्रकृति को नोचा सदियों तक मानव बना अब मशीनी अवतार,
कुछ राष्ट्रध्यक्षों ने लालच में मानवता को किया फिर से लहुलुहान,
युद्ध उन्मादियों की बढ़ा के संख्या आतंक का फैलाते जग में राज ,
जग के कुछ सिरफिरे नेताओं की देखो बदतमीजी से भरी हुई है जुबान,
पूरे जग को द्वंद द्वेष के समर में झोंका भूले बुद्ध,महावीर रहीम और राम,
जग के पालनकर्ता को भुला बुद्धिहीन ये युद्ध उन्मादी इंसान,
पशुओं से भी गिरा हे जंग में राजनीतिज्ञ का पाले अभिमान,
न नीति है न स्वराज बचा है केवल युद्ध युद्ध और विध्वंस का विज्ञान,
हथियारों के व्यापारी बन युद्ध करवाते और
लड़ाते इंसानों से इंसान,
भूमाफिया विस्तारवादी देश बन देते विश्व
को कूटनीति का झुठा ज्ञान,
शांति का नोबल के लोभी अशांति फैलाकर
बांट राग द्वेष का ज्ञान,
जग पालक इन्हें सबक सिखाओ तब मानेंगे
ये युद्ध प्रिय हैवान,
राक्षसी प्रवृति का अंत करो प्रभु अहंकारियों
का मिटाओ अभिमान।



**राजेन्द्र आचार्य राजन, भवानीमंडी**




## जॉब्स

1. एसएससी, पद एमटीएस हवलदार, पद संख्या 1075, अंतिम तिथि 24 जुलाई 2025
2. आरएसएमएसएसबी, पद ग्राम विकास अधिकारी, पद संख्या 850, अंतिम तिथि 18 जुलाई 2025
3. इंडियन रेलवे आरआरबी पद टेक्नीशियन पद संख्या 6180 अंतिम तिथि 28 जुलाई 2025
4. राजस्थान हाई कोर्ट,पद पियोन, ड्राइवर, पद संख्या 5670, अंतिम तिथि 26 जुलाई 2025
5. आरएसएमएसएसबी, पद लैब अटेंडेंट, पद संख्या 54, अंतिम तिथि 9 अगस्त 2025
6. एसएससी सीएचएसएल, पद एलडीसी व अन्य, पद संख्या 3131, अंतिम तिथि 18 जुलाई 2025
7. भारतीय वायु सेवा, पद अग्नि वीर, पद संख्या 2500, अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025
8. बैंक ऑफ़ बडौदा, पद लोकल बैंक ऑफिसर, पद संख्या 2500, अंतिम तिथि 24 जुलाई 2025



# वृक्षारोपण कर मनाया पूर्व रेलवे अधिकारी का जन्मदिन

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रकृति पूजक ,समाजसेवी और पूर्व रेलवे अधिकारी सीएम मीणा का जन्मदिन श्री भीमराव अंबेडकर बाई का बास पार्क में अपने जीवन के 61 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार के 61 छायादार वृक्ष लगाकर अपना जन्मदिन मनाया।

सीएम मीणा ने अपने उद्बबोधन मे पेड़-पौधों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया कि पेड़ पौधों के बिना हमारा जीवन अधूरा है। इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच सुल्तान राम बुनकर, पूर्व सरपंच बाबूलाल मीणा, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष रामकरण यादव, चौमूं तहसील उपाध्यक्ष नंदलाल मीणा, डॉक्टर श्योजी राम यादव, रिटायर आरएसी शैतान सिंह मीणा, समाजसेवी बजरंग लाल मीणा, सीताराम मीणा, मनीष मीणा, कालूराम शर्मा, कांग्रेस सेवादलउपाध्यक्ष कमलेश मीणा, श्रवण कुमार यादव, महेश मीणा, पूर्व डेयरी अध्यक्ष मोतीराम यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# समाजसेवी मालीराम यादव ने सामाजिक सरोकार के कार्य कर मनाया जन्मदिन

**चौमूं (हमारा वतन)।** ग्राम मोरीजा के समाजसेवी मालीराम यादव ने सामाजिक सरोकार के कार्य कर अपना जन्मदिन मनाया। मालीराम यादव ने बताया कि सर्वप्रथम बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया फिर मंदिरों में जाकर भगवान का आशीर्वाद लेकर सभी क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

इसके पश्चात गौ माता को हरा चारा और गुड़ खिलाया। सरकारी स्कूल के बच्चों को मिठाई खिलाई और स्कूल में वृक्षारोपण किया। सभी से गुजारिश है कि विशेष दिवस पर वृक्षारोपण और जरूरतमंदों की सहायता अवश्य करें।




# राजस्थान पर्यटन विभाग शुरू करेगा राज्य पर्यटन पुरस्कार : दिया कुमारी

जयपुर(नि.सं.)। प्रदेश की उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि राजस्थान में पर्यटन विभाग की ओर से राज्य पर्यटन पुरस्कार शुरू किए जाएंगे। जिसमें पर्यटन के क्षेत्र में अच्छा काम करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में टूरिज्म पॉलिसी, टूरिज्म यूनिट पॉलिसी, फिल्म पॉलिसी की तरह रेस्पॉन्सीबल टूरिज्म पॉलिसी बनाने की सम्भावना पर काम किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान पर्यटन विभाग के सहयोग से शुक्रवार को जयपुर के एक होटल में आउटलुक भारतीय जिम्मेदार पर्यटन राज्य पुरस्कार राजस्थान 2025 के तीसरे संस्करण के आयोजन के अवसर पर अपने सम्बोधन में उक्त विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राज्य में पर्यावरण संरक्षण व पर्यटन विकास को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। पानी, बिजली और वृक्षों को बचाने के लिए अपनी दिनचर्या में छोटे-छोटे बदलाव लाने होंगे।

**राजस्थान पर्यटन क्षेत्र में अग्रणी–** दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान की पहचान पर्यटन से गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि हम इस ज़िम्मेदारी पर गर्व से सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि 2024 में, राजस्थान ने 23 करोड़ से ज़्यादा घरेलू यात्रियों और 21 लाख विदेशी पर्यटकों का राजस्थान आगमन हुआ। जिससे राजस्थान घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या के हिसाब से भारत में पाँचवाँ सबसे अधिक पर्यटकों द्वारा भ्रमण किया जाने वाला राज्य बन गया है।

# बॉलीवुड चटकारा







## नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री पर विवाद

### एपी इंटरनेशनल ने 5 करोड़ का लीगल नोटिस भेजा, चंद्रमुखी का फुटेज इस्तेमाल करने का आरोप; मद्रास हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

साउथ एक्ट्रेस नयनतारा अपनी डॉक्यूमेंट्री नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरी टेल को लेकर अक्सर विवादों रहती हैं। अब उन्हें एपी इंटरनेशनल कंपनी ने 5 करोड़ रुपए का लीगल नोटिस भेजा है। आरोप है कि डॉक्यूमेंट्री में बिना अनुमति फिल्म चंद्रमुखी के फुटेज का इस्तेमाल किया गया है। इस मामले में मद्रास हाईकोर्ट ने आज नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वहीं, इससे पहले धनुष ने भी एक्ट्रेस के खिलाफ केस किया था। एपी इंटरनेशनल का आरोप है कि डॉक्यूमेंट्री नयनतारा बियॉन्ड द फेयरी टेल के प्रोड्यूसर्स ने उनकी फिल्म चंद्रमुखी के फुटेज बिना उनकी अनुमति के इस्तेमाल किए हैं। जब इस मामले में उन्होंने पहले कानूनी नोटिस भेजा था, तो उसे नजरअंदाज कर दिया गया। ऐसे में अब कंपनी ने डॉक्यूमेंट्री के निर्माताओं से 5 करोड़ रुपए का मुआवजा भी मांगा है। आज मद्रास हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने नेटफ्लिक्स और टार्क स्टूडियो LLP को आदेश दिया है कि वे डॉक्यूमेंट्री से विवादित फुटेज को तुरंत हटा दें। साथ ही दोनों पक्षों को दो हफ्ते के अंदर जवाब देने के लिए भी कहा गया है। बता दें, नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री को 2024 में रिलीज किया गया था, जिसमें उनकी पर्सनल से लेकर प्रोफेशनल लाइफ को दिखाया गया था। वहीं, यह पहली बार नहीं है जब इस डॉक्यूमेंट्री पर ऐसे आरोप लगे हैं।




## आलिया भट्ट की एक्स-पीए वेदिका प्रकाश शेट्टी गिरफ्तार, एक्ट्रेस के खाते में लाखों की धांधली का आरोप



***आलिया भट्ट की एक्स पर्सनल असिस्टेंट रहीं वेदिका प्रकाश शेट्टी को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वेदिका पर दो खातों में लाखों की हेरा-फेरी करने का आरोप है।*** आलिया भट्ट की पर्सनल असिस्टेंट रहीं वेदिका प्रकाश शेट्टी को मुंबई की जुहू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वेदिका पर भट्ट प्रोडक्शन्स और आलिया भट्ट के खाते से लाखों की हेरा फेरी करने का आरोप है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है और इस मामले में अभी तक आलिया भट्ट या उनकी टीम की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। आलिया का प्रोडक्शन हाउस इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड साल 2021 में आलिया भट्ट ने लॉन्च किया था। इसका मुख्य फोकस खुशमिजाज फिल्में प्रोड्यूस करना था जिनकी कहानियां ऑरिजनल और लंबे वक्त तक लोगों को पसंद आने वाली हों।

**एक्ट्रेस के खातों में 76 लाख की हेरा-फेरी**-वेदिका प्रकाश शेट्टी पर 2023 से 2025 के बीच प्रोडक्शन हाउस और आलिया भट्ट के खाते में 76 लाख रुपये की हेरा-फेरी करने का आरोप है। आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान ने पैसों की हेरा-फेरी के मामले में इसी साल फरवरी में शिकायत दर्ज करवाई थी। तब एफआईआर दर्ज करके मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई थी।

## पिता ने पाकिस्तानी एक्ट्रेस हुमैर असगर का शव लेने से किया मना, कहा- आपको...



पाकिस्तानी एक्ट्रेस हुमैर असगर ने 'तमाशा घर' (पाकिस्तानी बिग बॉस) और 2015 में आई फिल्म 'जलेबी' में काम कर लोकप्रियता हासिल की थी। उनकी मौत और परिवार के इस बेरुखे रवैये ने सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी है। पाकिस्तानी एक्ट्रेस और मॉडल हुमैर असगर की मौत के बाद एक चौंका देने वाली खबर सामने आई है। दरअसल, कराची के डिफेंस फेज-6 स्थित उनके अपार्टमेंट से जब उनका शव मिला, तो वह बुरी तरह सड़ चुका था। ऐसे में पुलिस ने अनुमान लगाया है कि एक्ट्रेस उनकी मृत्यु दो से तीन हफ्ते पहली हुई है। जब पुलिस ने एक्ट्रेस के निधन की सूचना उनके परिवार को दी तो उनके परिवार ने शव लेने से इनकार कर दिया। **पिता का बयान**-हुमैरा असगर की मौत के बाद सबसे ज्यादा चर्चा उनके परिवार के रवैये को लेकर हो रही है। पुलिस द्वारा सूचना दिए जाने के बावजूद उनके पिता और भाई शव लेने नहीं आए। पुलिस को दिए बयान में उनके पिता ने कहा, हमारा उससे कोई लेना-देना नहीं है। हमने उससे बहुत पहले ही रिश्ता तोड़ लिया था। जो करना है कर लो, हम उसकी डेड बॉडी नहीं लेंगे। **पुलिस को नहीं मिला जबरदस्ती का निशान**-पुलिस ने परिवार को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे अपने फैसले पर अड़े रहे। अब प्रशासन कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ रहा है। डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल सैयद असद रजा ने बताया कि शव की हालत देखकर लगता है कि हुमैरा की मौत को कई हफ्ते हो चुके हैं। पुलिस को किसी भी तरह की जबरदस्ती या चोट के निशान नहीं मिले हैं इसलिए उन्होंने हत्या की संभावना को नकार दिया है।

टिकिट

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या खाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# सम्पादकीय.....

## बंजारों का शौर्य और उसका स्मरण

बंजारों का भारतीय इतिहास में गौरवशाली स्थान है। वे निरन्तर विदेशी हमलावरों अरबों, तुर्कों, मुगलों (एटीएम) और बाद में अंग्रेजों से भी लोहा लेते रहे। एटीएम का मुकाबला करने के कारण ही क्षत्रियों को घर-बार छोड़कर बंजारों का जीवन जीना पड़ा। अंग्रेजों ने तो बंजारों को क्रिमिनल ट्रायब्ज ही घोषित कर दिया था। लेकिन इसे देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि आज इतिहास की पाठ्य पुस्तकों में बंजारों के इतिहास का कहीं जिक्र ही नहीं मिलता। बंजारे पूरे देश में निरन्तर घूमते रहते हैं। देश के एक कोने को दूसरे कोने से जोड़े रखने की ऐतिहासिक प्रक्रिया। इसी प्रक्रिया से उनमें होता है अदम्य साहस का संचार। बंजारे भारत की आत्मा हैं। भाटों की पुरानी पोथियों में अनेक बंजारों की वंशावलियां भी मिल जाती हैं। आम तौर पर बंजारे गोर या गौर, जिसे कहीं कहीं गौड़ भी लिखते हैं, वंश के माने जाते हैं। यह वंश राजा भोज से जुड़ता है। राजा भोज, परमार वंश से ताल्लुक रखते थे। आशा की जानी चाहिए कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का कार्यान्वयन करते समय विश्वविद्यालय इस भूल का सुधार करेंगे ही। बंजारों का यह प्रसंग इसलिए उठाया जा रहा है क्योंकि जुलाई में ही बंजारा समाज के ऐतिहासिक नायक लखी शाह बंजारा की जयंती है ।लखी शाह बंजारा, बंजारों के लुबाना समुदाय से ताल्लुक हखते थे। सत्रहवीं शताब्दी में जब मुगलों ने नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी ने दिल्ली के चान्दनी चौक में मुगलों का सामना करते हुए आत्म बलिदान दिया था। चान्दनी चौक की मस्जिद के पास गुरु जी का धड़ और सिर अलग अलग पड़े थे। मुगल शासन ने गुरु जी की देह को उठाने पर प्रतिबन्ध लगा दिया था ताकि जनमानस में स्थायी भय डाला जा सके। लेकिन क्या मुगल सत्ता के इस अमानवीय कार्य से सचमुच आम भारतीय डर गया था या फिर गुरुजी और उनके साथियों के इस आत्मबलिदान से उनमें एक नई चेतना और ऊर्जा जागृत हुई? इसका उत्तर अब लखी शाह बंजारा को देना था। घटनास्थल पर मुगल सेना का पहरा था। मौसम बहुत ही खराब होने लगा था। रात्रि का अन्धकार। तूफान। बादल और बिजली की गर्जना। गुरुजी के शरीर को वहां से कैसे उठाया जाए ताकि विधिवत उनका अंतिम संस्कार किया जा सके। मुगल शासन से इसकी गुहार लगाना निरर्थक था, क्योंकि मुगल साम्राज्य तो अपने इस अमानुषिक कृत्य से भविष्य में भी भारतीय समाज को आतंकित और भयभीत करना चाहता था ताकि आने वाले समय में भी कोई साम्राज्य के सामने सिर उठा कर न चल सके। लेकिन गुरुजी के इस आत्म बलिदान ने तो जनमानस में आग भर दी थी। अब आगे की कथा इसी आग की। यह आग लखी शाह बंजारा में जलने लगी थी। लखी शाह बड़े व्यापारी थे, इसमें तो कोई संशय नहीं हो सकता। लेकिन उनके भीतर बंजारा समाज की भीतरी वेदना भी भरी हुई थी। यह मुगल शासन भी नहीं जानता था। एटीएम मूल के आक्रमणकारियों ने उनके पूर्वजों को घर से बेघर किया हुआ था। यही वेदना बंजारों को मुगलों की चुनौती स्वीकार करने की प्रेरणा देती रहती थी। बंजारों के पूर्वजों ने अरबों, तुर्कों व मुगलों द्वारा पूर्वकाल में दी गई चुनौतियों को भी स्वीकारा था। वे भागे नहीं थे, लड़े थे। वही चुनौती फिर दस्तक दे रही थी। आज फिर वही चुनौती स्वीकार करने का अवसर आ गया था। मुगल बादशाह द्वारा दी गई चुनौती। जिस दिन दिल्ली के चान्दनी चौक में गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान हुआ, उस दिन लखी शाह बंजारा लगभग तीन सौ छकड़ों के साथ व्यापार के लिए कुछ सामग्री लेकर दिल्ली आ रहा था। सारी दिल्ली में हाहाकार मचा हुआ था। रास्ते में ही अन्य बंजारों ने लखी शाह को इस अमानवीय कांड की पूरी जानकारी दी। सबसे बड़ी चुनौती तो यह थी कि मुगल सेना ने गुरुजी के शरीर का विधिवत दाह संस्कार करने की भी मनाही कर दी थी।



राम गोपाल सैनी


# मिसाल: आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया 78 साल की उम्र में कथक और गीत-संगीत में हो रहे पारंगत

**➡ युवाओं के बने प्रेरणास्रोत ➡ राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू कर चुकी हैं आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया को सम्मानित**

**जयपुर (हमारा वतन)।** सीखने की कोई उम्र नहीं होती, फिर चाहे वह 78 वर्ष ही क्यों न हो। इसी को चरितार्थ किया है जयपुर बनीपार्क निवासी आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने, जिन्होंने 72 वर्ष की उम्र में कथक नृत्य सीखना शुरू किया। इसके बाद उन्होंने गीत-संगीत की शिक्षा भी लेनी शुरू की। उम्र के इस पड़ाव पर उन्होंने गुरु को समर्पित होकर यह शिक्षा ग्रहण की, जो आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है।

पाटोदिया ने बताया कि कथक नृत्य, गीत-संगीत और तबले की ट्रेनिंग लेने की प्रेरणा उन्हें गुरुओं से मिली। जब देखा कि गुरु किस तरह युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वयं को समर्पित कर देते हैं, तो मन में विचार आया कि क्यों न इस दिशा में कुछ नया किया जाए? यहीं से मेरी यात्रा शुरू हुई, जो आज 78 वर्ष की उम्र में भी जारी है। पाटोदिया ने बताया कि उन्हें इसी वर्ष 2 मई को राष्ट्रपति भवन में सम्मानित किया गया।

**एक नहीं, हर कला में होना है पारंगत-** पाटोदिया ने बताया कि वर्षों से



बनीपार्क में नर्सिंग होम चला रहा हूं। इसमें पत्नी भी पहले साथ थीं, लेकिन अब वे नहीं रहीं। फिर रिटायरमेंट की उम्र में सोचा कि कुछ नया सीखा जाए और कथक डांस से जुड़ गया। सीखते-सीखते कथक में विशारद की उपाधि प्राप्त कर ली। उन्होंने बताया कि मैं केवल कथक तक सीमित नहीं रहा। हारमोनियम और संगीत से भी जुड़ गया। अलग-अलग गुरुओं के सान्निध्य में तीनों कलाओं को अपनाते हुए कई वर्ष बीत चुके



हैं। अब मन में और भी संगीत उपकरणों की ट्रेनिंग लेने का विचार है। जल्द ही तबला, सितार और अन्य वाद्ययंत्रों का प्रशिक्षण लेना शुरू करूंगा।

# विद्यालयों में रोपेंगे मेरा पेड़-मेरा दोस्त अभियान के तहत पौधे-डॉ. सोनी

**देहरादून (हमारा वतन)।** निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखंड डॉ. मुकुल कुमार सती ने प्रदेश के समस्त शासकीय, अशासकीय, सहायता प्राप्त व निजी विद्यालयों में मेरा पेड़-मेरा दोस्त अभियान के तहत मित्र बनाकर एक पौधा लगवाने के लिए अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल पौड़ी व कुमाऊं मंडल नैनीताल तथा उत्तराखंड के समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जानकारी के लिए आपको बता दें कि पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती से मुलाकात की और उन्हें उत्तराखंड को हरित प्रदेश बनाने के लिए मेरा पेड़-मेरा दोस्त (मेरा वृक्ष-मेरा मित्र) अभियान के तहत उत्तराखंड के समस्त शासकीय, अशासकीय, सहायता प्राप्त, निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं व कार्यालयों के अधिकारियों, कर्मचारियों के माध्यम से एक-एक पौधा धरती में दोस्त व मित्र



बनाकर लगवाने का सुझाव पत्र दिया। डॉ. सोनी के सुझाव पर निदेशक ने संबंधित को निर्देश कर दिए हैं। डॉ. सोनी ने कहा अब उत्तराखंड के समस्त विद्यालयों के छात्रों, शिक्षको, कर्मचारियों के द्वारा उत्तराखंड को हरित प्रदेश बनाने के लिए एक एक पौधा दोस्त व मित्र बनाकर रोपण किया जाएगा।




# रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से की शिष्टाचार मुलाकात

**जयपुर (हमारा वतन)।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री आवास जयपुर में शिष्टाचार भेंट की। पूर्व विधायक ने इस दौरान विधानसभा क्षेत्र की जनहित व विकास संबंधी विभिन्न समस्याओं एवं राजनैतिक विषयों पर चर्चा की।



पूर्व विधायक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश की बागडोर संभालते हुए डबल इंजन की भाजपा सरकार को जनकल्याण और सुशासन के पथ पर अग्रसर कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अंत्योदय की भावना के अनुरूप सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने हेतु संकल्पबद्ध है। प्रदेश में भाजपा की बढ़ती ताकत और संगठन की मजबूत पकड़ इस बात का प्रमाण है कि जनता का विश्वास लगातार भाजपा के साथ है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में राजस्थान प्रगति, विकास और सुशासन के नए प्रतिमान स्थापित करेगा।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।